(ख) क्या निश्चित उद्देश्य के लिए आवंटित की गई धनराशि का पूरा उपयोग कर लिया गया था यदि नहीं, तो उसे क्या कारण थे ; और

(ग) क्या चालू परियोजनाओं की लागत में वृद्धि के संबंध में कोई आकलन किया गया है और यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बीरेन सिंह इंगती) : (क) और (ख) उत्तर प्रदेश में चौदह परियोजनाओं (तेल पाइप लाइन, रेलवे आदि जैसी बहुराज्यीय परियोजनाओं को छोड़कर) को छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान निधि आबंटित की गई थी । 11 परियोजनाओं के मामले में राशि का पूरा उपयोग किया गया, 2 परियोजनाओं में उपयोग थोड़ा सा कम किया गया और एक परियोजना का कार्यान्वयन स्थगित कर दिया गया ।

(ग) जी, हां । एक परियोजना (ओनला उर्वरक, ईपको) बिना लागत वृद्धि के समयानुसार चल रही है, तीन परियोजनाएं (मथुरा तेल शोधक कारखाना सिंगरौली एस० टी० पी० पी० स्तर–1 और मेल बाड़े आकार की टब जनित्र परियोजना) अभी पूरी हुई है, फिलहाल कार्यान्वयनाधीन 9 अन्य परियोजनाओं, अर्थात नरोरा परमाणु विद्युत परियोजना, इलेक्ट्रोनिक स्विचिंग प्रणाली, मानकपुर, आई० सी० पी० परियोजना, रायबरेली, टनकपुर एच० ई० परियोजना, सिंगरौली स्तर–2 एस० टी० पी० पी०, रिहंद एस० टी०पी० पी० , रायपुर–नई हल्दवानी रेलवे लाइनें, बीना ओ० पी० और ककरी ओ० सी० कोयला परियोजना ने अद्यतन प्रत्याशित लागत मे वृद्धि बताई है ।

उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय

1623. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1986–87 के दौरान उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय कितनी थी ;

(ख) इसे राष्ट्रीय औसत के बराबर लाने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं ; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री बीरेन सिंह इंगती): (क) वर्ष 1986–87 के लिए उत्तर प्रदेश का प्रति व्यक्ति निवल राज्य घरेलू उत्पाद चालू कीमतों पर 2146 रु० है और 1970–71 की कीमतों पर 607 रु० है ।

(ख) सातवीं योजना में परिकल्पित संवृद्धि कार्यनीति से क्षेत्रीय असमानताएं कम होने की आशा की जाती है । ग्राम तथा लघु उद्योग और आधार संरचना सहित कृषि, उद्योग के क्षेत्र में निवेश की ओर विशेष ध्यान दिया गया है ताकि इन निवेशों से अधिक से अधिक रोजगार तथा आय के अवसर प्राप्त हो सके ।

(ग) पिछले तीन वर्षों के अद्यतन उपलब्ध प्रति व्यक्ति निवल राज्य घरेलू उत्पाद में हुई वृद्धि की प्रतिशतता नीचे दी गई है :

वर्ष	पिछले वर्षों में हुई वृद्धि की प्रतिशतता	
	चालू कीमतें	स्थिर कीमतें (1970–71 आधार)
1984–85	7.4	1.0
1985–86	12.3	2.2
1986–87	7.1	1.5